दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। रविवार 12 अक्टूबर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 293 पेज-14 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## यूपी कांग्रेस चीफ अजय राय को किया गया हाउस अरेस्ट



### रायबरेली मॉब लिंचिंग केस में परिजन से मिलने जाने से पुलिस ने रोका

**लखनऊ:** यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। रायबरेली जिले में बीते दिनों दलित समाज से आने वाले हरिओम वाल्मीकि की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी।

इस हत्याकांड को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बीजेपी सरकार को आड़े हाथों लिया था। इसी क्रम में यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय शनिवार को हरिओम वाल्मीकि के परिजनों से मिलने के लिए फतेहपुर जा रहे थे। लेकिन उससे पहले ही अजय राय को कांग्रेस दफ्तर पर हाउस अरेस्ट कर लिया गया था। लेकिन फतेहपुर जाने की बात पर अड़े अजय राय समेत तमाम कांग्रेस कार्यकताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। कांग्रेस की ओर से बताया गया कि उन्हें पुलिस लाइन ले जाया गया है।

दरअसल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को पीड़ित दलित परिवार के घर जाने से रोक दिया गया है। वो कांग्रेस की तरफ से आर्थिक सहयोग देने के लिए फतेहपुर जा रहे थे।

# दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित हुआ सांसद खेल महोत्सव

## सुनील बंसल व अतुल गर्ग ने किया शुभारंभ

### सांसद खेल महोत्सव युवाओं में खेल भावना और फिटनेस को बढ़ावा देता है : सुनील बंसल

**-कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, शहर विधायक संजीव शर्मा, विधायक अजीतपाल त्यागी, महापौर सुनीता दयाल सहित वरिष्ठ भाजपाई रहे मौजूद**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भाजपा द्वारा आशा विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के लिए सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया।

इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत मूकबधिर बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई। विशेष बच्चों ने देशभक्ति गीतों की धुन पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

संगीत की तरंगों को महसूस करते हुए उनके उत्साह और आत्मविश्वास ने उपस्थित अतिथियों से भरपूर सराहना बटोरी।



### रंगीन गुब्बारों के साथ हुआ सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने आशा विद्यालय में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ तिरंगे रंग के गुब्बारे उड़ाकर किया। इस अवसर पर उनके साथ सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, विधायक अजीत पाल त्यागी, संजीव शर्मा, नंदकिशोर गुर्जर, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल और डॉ. रमेश चंद तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष बच्चों ने खेलों में हिस्सा लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया।



### ऐसे आयोजनों से खेल भावना को मिलता है बढ़ावा : सुनील बंसल





करंट क्राइम : अपने संबोधन में सुनील बंसल ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव एक ऐसा आयोजन है जो युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देता है और शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने की प्रेरणा देता है। यह पारंपरिक और आधुनिक दोनों प्रकार के खेलों को प्रोत्साहित करता है तथा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करता है। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में खेल संस्कृति, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मूवमेंट को भी सशक्त बनाता है। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने स्कूल बैंड की धुन पर आकर्षक मार्च पास्ट निकाला और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया।

### इन्होंने किया सुनील बंसल का स्वागत

करंट क्राइम : सुनील बंसल का स्वागत करने वालों में सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल, कैबिनेट मंत्री डॉ. सुनील शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक नंद किशोर गुर्जर, विधायक संजीव शर्मा, पूर्व सांसद राज्यसभा अनिल अग्रवाल, डॉ. रमेश चंद तोमर, आशु वर्मा, राजा वर्मा, विजय मोहन, पृथ्वी सिंह, आशा शर्मा, पिलखुवा चेयरमैन विभु बंसल, एवं रीना भाटी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



### इनकी भी रही उपस्थिति

करंट क्राइम : कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, सांसद खेल महोत्सव के संयोजक पप्पू पहलवान, विधानसभा संयोजक अनुज मित्तल, सह संयोजक हरमीत बक्शी, सीडीओ अभिनव गोपाल, प्रधानाचार्य मोहनी सैमसन, तथा शिक्षक अंकुर पाठक, दिव्य दुबे, अंशुल चौहान, अभिषेक धनुख एवं सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेंदीवाल का विशेष सहयोग रहा। साथ ही महेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, हातम सिंह नागर, महिम गुप्ता, वरुण नागर, पार्षद नीरज गोयल, विनिल दत्त, अभिषेक चौधरी, देव नारायण शर्मा, ओम प्रकाश ओढ़, और पवन शर्मा ने उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### सुनील बंसल ने आजमाए हैंडबॉल-थ्रो में हाथ

करंट क्राइम : कार्यक्रम के दौरान सुनील बंसल ने बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए हैंडबॉल थ्रो में भी हाथ आजमाए। उन्होंने तीन बार प्रयास किया, लेकिन निशाना नहीं लगा पाए। वहीं, स्पेशल चाइल्ड बच्चों ने लगातार तीन बार सफल निशाना लगाकर सभी का दिल जीत लिया इस पर सुनील बंसल ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा यही बच्चे आगे चलकर देश का नाम रोशन करेंगे और तिरंगे को ऊंचा लहराएंगे।

## हाउस टैक्स वृद्धि पर भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच सर्वे होना चाहिए : पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी



**भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच सर्वे से संगठन की वास्तविक राय सामने आनी चाहिए।**

**अगर विरोध करने वालों की संख्या अधिक है, तो संगठन को जनता के साथ खड़ा होना चाहिए।**

**नगर निगम से आय-व्यय और बॉन्ड खर्च का श्वेत पत्र जारी करने की मांग।**

**बॉन्ड बेचकर कर्ज लेना उपलब्धि नहीं, बल्कि जनता पर बोझ है।**




**पारदर्शिता और अपव्यय रोकना ही असली प्रशासनिक उपलब्धि है।**

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने गाज़ियाबाद में हाउस टैक्स की बढ़ोतरी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि टैक्स वृद्धि जनता के हित में नहीं है और इस पर भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच एक सर्वे होना चाहिए ताकि यह साफ हो सके कि कितने कार्यकर्ता इस निर्णय के समर्थन में हैं और कितने इसके विरोध में।

बालेश्वर त्यागी ने कहा, अगर अधिकांश कार्यकर्ता हाउस टैक्स वृद्धि के समर्थन में हैं तो हमें लोकतांत्रिक भावना के तहत अपने विचारों पर पुनर्विचार करना चाहिए। लेकिन यदि विरोध करने वालों की संख्या अधिक है, तो संगठन और जनप्रतिनिधियों को जनता की भावना के साथ खड़ा होना चाहिए और बढ़े हुए कर को वापस कराने की दिशा में कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने नगर निगम प्रशासन से यह भी मांग की कि वह अपनी आय और व्यय का पूरा विवरण सार्वजनिक करे। त्यागी ने कहा, नगर निगम को एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए, जिसमें यह बताया जाए कि किन-किन क्षेत्रों से कितना कर प्राप्त हुआ, कितना खर्च हुआ और पिछले दिनों बॉन्ड बेचकर जो धन जुटाया गया, उसका उपयोग किन-किन मदों में किया गया।

पूर्व मंत्री ने कहा कि बॉन्ड बेचकर कर्ज लेना कोई उपलब्धि नहीं है। असली उपलब्धि तब होगी जब प्रशासन अपव्यय रोकने, पारदर्शिता लाने और जनता का विश्वास जीतने की दिशा में ठोस कदम उठाए।

बालेश्वर त्यागी ने कहा कि लोकतंत्र में नीति निर्माण जनता की भावना के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर नगर निगम प्रशासन को लगता है कि बिना कर वृद्धि के व्यवस्थाओं का संचालन संभव नहीं है, तो पहले जनता को अपनी वित्तीय स्थिति का पारदर्शी चित्र दिखाए।

### इंदिरापुरम क्षेत्र का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, सफाई व्यवस्था और निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शनिवार को निगम के सभी विभागीय अधिकारियों के साथ इंदिरापुरम क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, नाला निर्माण एवं विकास कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पार्षद संजय सिंह (वार्ड 100) और पार्षद धीरज अग्रवाल (वार्ड 81) भी



उपस्थित रहे। मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी ने मौके पर नगर आयुक्त को कैलाश मानसरोवर रोड, सीआईएसएफ रोड, नीति खंड-1 के दो मार्ग, विधायक कॉलोनी अहिंसा खंड सहित अन्य क्षेत्रों में चल रहे नाला निर्माण कार्यों की जानकारी दी। नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों को शेष, पृष्ठ 8

## शहर विधायक के अनुरोध को सांसद प्रतिनिधि ने सहर्ष किया स्वीकार
## फेस्टिवल सीजन में जनता के लिए करा दी निशुल्क पार्किंग तैयार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनप्रतिनिधि वही होते हैं जो हमेशा जन के हित का ध्यान रखें और जनता का प्रतिनिधित्व करें, वो जनता की बात करें। यहां पर त्योहरों से पहले शहर में जाम ना लगे इसकी बड़ी पहल शहर विधायक संजीव शर्मा ने की है और यहां पर एक बड़े दिल के साथ लोकसभा सांसद प्रतिनिधि तथा जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मित्तल मेदी वाले ने मिलकर एक बड़ी समस्या का समाधान किया है। शहर विधायक संजीव शर्मा ने राजेंद्र मित्तल मेदी वालों को पत्र खिा।



दरअसल लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार मित्तल मेदी वाले जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र के अध्यक्ष भी हैं। उनके पास यह पद कई वर्षों से है। शहर विधायक संजीव शर्मा की यह सोच थी कि त्योहरों का सीजन है और लोगों को पार्किंग की सुविधा मिलनी चाहिए। उन्होंने जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र के अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल मेदी वालों को पत्र लिखा। शहर विधायक ने उनसे अनुरोध किया कि आसपास के बाजारों में भारी संख्या में लोगों का आगमन अपेक्षित है। ऐसे में जनसुविधा और सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु यह आवश्यक है कि 25 अक्टूबर तक जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र परिसर में पार्किंग सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जाए। संजीव शर्मा ने पत्र में लिखा कि आपसे अपेक्षा है कि त्योहार माह के दौरान पार्किंग को निशुल्क घोषित करने का कष्ट करें। जिससे बाजारों में खरीददारी करने हेतु आने वाले लोगों को असुविधा ना हो।

शहर विधायक के पत्र के बाद अध्यक्ष राजेंद मित्तल मेदी वालों ने तुरंत ही इस पर सहमति जताई और उन्होंने एक पत्र पुलिस कमिश्नर को लिखा और दूसरा पत्र जीडीए वीसी को लिखा। जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मित्तल ने अपने पत्र में कहा कि फस्टिवल सीजन को देखते हुए शहर विधायक गाजियाबाद संजीव शर्मा ने हमसे अनुरोध किया है और जनहित में हमारे द्वारा निशुल्क पार्किंग की अनुमति जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र परिसर में दी जाती है।

यहां पर यह भी स्पष्ट कर दिया गया कि पार्किंग की देखरेख व्यापार मंडल के पास रहेगी। यहां वाहन पार्किंग की व्यवस्था 31 अक्टूबर तक मान्य रहेगी। इसके बाद यह पार्किंग स्वतः समाप्त मानी जाएगी। पुलिस आयुक्त को लिखे पत्र में अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल ने अनुरोध किया कि इस व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिये तथा सुरक्षा के दृष्टिगत निगरानी की जिम्मेदारी संबंधित थाने और चौकी को दी जाए ताकि व्यवस्था बनी रहे।

उन्होंने जीडीए वीसी को भी पत्र लिखा और कहा कि हमने संस्था की ओर से अध्यक्ष के रूप में विधायक के अनुरोध पर निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था करने की अनुमति दे दी है। हम आपको आश्वस्त करते हैं कि हमने यह अनुमति जनहित में प्रदान की है। इस पार्किंग की देखरेख की व्यवस्था व्यापार मंडल तथा संबंधित थाने के अंतर्गत होगी।

शहर विधायक के अनुरोध पर अध्यक्ष की इस व्यवस्था से जहां तुराबनगर और आसपास के क्षेत्र में खरीददारी करने आने वाले लोगों के लिये पार्किंग की व्यवस्था उपलब्ध हो। उनकी जेब पर भी बोझ ना पड़े और सबसे बड़ी बात ये है कि यातायात जाम ना हो। शहर के लिये एक अच्छी पहल शहर विधायक और सांसद प्रतिनिधि तथा नेहरू युवा केंद्र के अध्यक्ष द्वारा की गई है।

## यूपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा आज, अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए नामो भारत ट्रेन सुबह 6 बजे से चलेगी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा रविवार को प्रदेशभर के 75 जिलों में आयोजित की जाएगी।

परीक्षा दो पालियों में होगी—पहली पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक। आयोग के अनुसार इस परीक्षा में लगभग 3.26 लाख अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। दिल्ली-एनसीआर के अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एनसीआरटीसी ने विशेष प्रबंध किए हैं।

सामान्य दिनों में सुबह 8 बजे से शुरू होने वाली नमो भारत (रैपिड रेल) सेवा को इस रविवार सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक संचालित किया जाएगा। यह सेवा न्यू अशोक नगर (दिल्ली) से लेकर मेरठ साउथ स्टेशन के बीच चलेगी, जिससे दिल्ली, गाजियाबाद, मोदीनगर और मेरठ के अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुँचने में आसानी होगी।

### पुलिस और प्रशासन रहेगा अलर्ट

करंट क्राइम : परीक्षा के लिए गाजियाबाद जिले में भी विशेष तैयारियाँ की गई हैं। जिले में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों की उपस्थिति को देखते हुए प्रशासन ने कई स्कूलों और कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार जिले में करीब 20 से 25 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, यातायात और सुचारु प्रवेश व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन, पुलिस और शिक्षा विभाग की टीमें संयुक्त रूप से तैनात रहेंगी। मेरठ सहित एनसीआर क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा देने आ रहे हैं। इसी को ध्यान में रखकर एनसीआरटीसी ने रैपिड रेल की समयसारिणी में बदलाव किया है ताकि परीक्षार्थी समय पर अपने केंद्रों तक पहुँच सकें। यूपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर जारी किए जा चुके हैं। प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा केंद्र का पता, केंद्र कोड, और परीक्षा संबंधी सभी दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# सुहागिनों ने मनाया करवा चौथ का पर्व

## रहे सलामत मेरा साजन और सजना का आंगन...


पंकज और रचना


मोनिका और मनीष


हेमा और ऋतुराज




अनीता और अमित शर्मा










































दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





## करवा चौथ की रोशनी में झिलमिलाया करंट क्राइम परिवार

## 11 आपका अपनापन, हमारा गर्व
## वर्षों से रिश्तों और भावनाओं को सहेजने की परम्परा जारी

करवा चौथ सिर्फ एक व्रत नहीं, बल्कि भावनाओं का उत्सव है विश्वास का, समर्पण का और प्रेम के उस अटूट बंधन का जो हर भारतीय घर की आत्मा में बसता हैऔर जब यह पर्व आता है, तो दैनिक करंट क्राइम के पन्ने भी चाँदनी की तरह जगमगाने लगते हैं,क्योंकि आप सब हमारे अपने हैं, हमारे पाठक नहीं, हमारे परिवार हैं। इस साल जब हमने आपसे कहा कि अपने करवा चौथ के यादगार पलों को हमारे साथ साझा करें, तो हर बार की तरह इस बार भी हजारों की संख्या में फोटो और संदेशों ने हमारे ईमेल इनबॉक्स को नहीं, हमारे दिलों को भर दिया। हर तस्वीर में एक कहानी थी कहीं छलनी से झाँकता चाँद और आँखों में झिलमिलाता प्रेम,कहीं पति की हथेली से पिया गया जल और होंठों पर सच्चे आशीर्वाद की मुस्कान,कहीं सास-बहू के संग सजी थाली, तो कहीं बच्चों की शरारतों में छुपा अपनापन हर तस्वीर में था — जीवन, भाव, रिश्ते और वही जुड़ाव जो करंट क्राइम की पहचान बन चुका है। आज हमें इस बात पर बेहद गर्व और संतोष है कि हम सिर्फ 'खबरें' नहीं छापते,हम 'ज़िंदगी के पल' सहेजते हैं, हम 'रिश्तों की खुशबू' अपने पन्नों में समेटते हैं. यह कोई नई बात नहीं — यह परंपरा हम लगातार पिछले 11 वर्षों से निभाते आ रहे हैं। हर त्योहार पर — चाहे दीपावली की दीए हों, रक्षाबंधन की राखी हो, होली के रंग हों या आज का करवा चौथ, हमने अपने पाठकों की भावनाओं को हमेशा केंद्र में रखा है। क्योंकि हमारे लिए अखबार सिर्फ सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और परिवार को जोड़ने का सबसे सशक्त सूत्र है। जब संपादकीय टीम ने आज के इस विशेष अंक ( 11 अक्टूबर ) के लिएआपके भेजे हजारों फोटो चुने और उन्हें प्रकाशित किया,तो हर चेहरा, हर मुस्कान, हर सजावट एक नई कहानी बनकर उभरी। उस क्षण हमने महसूस किया कि करंट क्राइम और उसके पाठक अब अलग नहीं बल्कि एक ही धड़कन, एक ही परिवार का हिस्सा हैं। हम आपके इस सहयोग, इस विश्वास और इस प्रेम के लिए हृदय से आभारी हैं। आपकी भावनाएँ हमारे पन्नों पर जीवित हैं — और यही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। शेष प्राप्त हुए अमूल्य फोटो भी 12 अक्टूबर के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किए जाएंगे।

**आपका विश्वास, हमारा संबल।**
**आपका परिवार, हमारा परिवार।**
**आपकी भागीदारी ही हमारी ताकत है।**

सादर,
**टीम करंट क्राइम**






करवा चौथ का व्रत पति पत्नी के रिश्ते की गहराइयों को बताता है। एक दूसरे का साथ देने के लिए,दुख हो या सुख हो,हर परिस्थिति में साथ खड़े रहना पति-पत्नी के प्यार की परिभाषा है। आज मैं और मेरा पूरा परिवार इस मुकाम पर है कि हमारी अर्धांगिनी मोतियों की माला में धागे की तरह सबको जोड़कर चलती है।
**अजय गुप्ता समाजसेवी**




गांधीनगर-रामनगर में करवा चौथ का पूजन करते हुई महिलाएं




एटीएस समिति के अंतर्गत करवा चौथ का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया। एटीएस की पूर्व उपाध्यक्ष सीमा शर्मा ने बताया की पति की लंबी आयु के लिए सभी सुहागानों ने निर्जला व्रत रखा और रात में चंद्रमा के दर्शन करके अपना व्रत अपने पति के हाथों से जल ग्रहण करके अपने व्रत को पूरा किया और ईश्वर से प्रार्थना की की सातों जन्म में हमें ऐसा ही पति मिलना चाहिए। इस अवसर पर नीतू राणा , ज्योति त्यागी, सानिया कोहली , एकता, प्रीति कपूर ने सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं।










करवा चौथ स्पेशल फीचर
देखें, पृष्ठ संख्या 2,5,7,9-14 तक

## संपादकीय

# टिकाऊ कर व्यवस्था

यह बात तो सभी मानते हैं कि भारत को अपनी निवेश दर बढ़ाने और अपनी वृद्धि दर में टिकाऊ सुधार के लिए बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की आवश्यकता है। हालांकि, कर के मामले में अनिश्चितता अभी भी देश की कुल एफडीआई संभावनाओं के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। इस संदर्भ में नीति आयोग का ताजातरीन ह्यकर नीति कार्य पत्रह्ल समस्या की बुनियाद का सही पता लगाता है।

स्थायी प्रतिष्ठान और लाभ आवंटन के नियमों को परिभाषित करने में जो अस्पष्टता है उसने ह्यकारोबारी मौजूदगीह्ल और ह्यकरयोग्य मौजूदगीह्ल के बीच की रेखा को धुंधला कर दिया है जिससे निवेशकों के लिए जोखिम प्रीमियम उत्पन्न हो गया है। एक अप्रत्याशित स्थायी प्रतिष्ठान के मामले की शुरूआत, जो निवेशकों को पिछली अवधि के कर दावों के अधीन कर सकता है, भारत से अर्जित आय पर भारी और अप्रत्याशित कर देनदारियों का कारण बन सकता है, जिससे निवेश हतोत्साहित होता है।

यह जोखिम प्रीमियम न केवल नए निवेशकों को रोकता है, बल्कि मौजूदा कंपनियों को कर लाभ के लिए जटिल और अप्रत्यक्ष निवेश संरचनाओं की ओर भी प्रेरित करता है। इसका परिणाम पूंजी की अक्षमता और महंगी मुकदमेबाजी के रूप में सामने आता है। कार्य पत्र में सर्वोच्च न्यायालय के जिन हालिया निर्णयों का उल्लेख है, वे दिखाते हैं कि इस तरह के कानूनी ढांचे से कैसे अप्रत्याशित परिणाम सामने आ सकते हैं। फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप लिमिटेड बनाम आयकर आयुक्त (2017) के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि बुद्ध इंटरनैशनल सर्किट को विदेशी उपक्रम के लिए एक स्थायी प्रतिष्ठान माना जाएगा क्योंकि यह आयोजन करदाताओं के नियंत्रण और अधिकार में था। भले ही यह केवल कुछ दिनों तक चला।

वर्ष 2025 के हयात इंटरनैशनल (दक्षिण पश्चिम एशिया) लिमिटेड बनाम अतिरिक्त आयकर निदेशक मुकदमे में इस तर्क को भारत– संयुक्त अरब अमीरात संधि मामलों में भी आगे बढ़ाया गया। इसमें पुष्टि की गई कि प्रबंधन या समन्वय गतिविधियां देनदारियों को जन्म दे सकती हैं भले ही किसी भौतिक कार्यालय की मौजूदगी नहीं हो। ये निर्णय भारत के कराधान अधिकारों की वैधता को बनाए रखते हैं, लेकिन ये एक गंभीर दुविधा को भी उजागर करते हैं। यदि स्थायी प्रतिष्ठान की स्पष्ट और वस्तुनिष्ठ परिभाषा नहीं दी जाती, तो भारत एक वैध व्यावसायिक उपस्थिति को कर योग्य नियंत्रण के रूप में भ्रमित करने का जोखिम उठाता है। ऐसे प्रमुख विवादों को अंतिम समाधान तक पहुंचने में अक्सर छह से बारह वर्ष लग जाते हैं।

विदेशी कारोबार के लिए, ऐसे मुकदमेबाजी समयसीमा का अर्थ होता है अवरुद्ध परिसंपत्तियां, ब्याज देनदारियों का एकत्रित होना, और रणनीतिक गति की हानि। ऐसे में वास्तविक चुनौती भारत द्वारा कर अधिकारों को दोहराया जाना नहीं बल्कि नियमों की अस्पष्टता है। आधुनिक निवेश केंद्र केस दर केस निर्णय के आधार पर काम नहीं करते। सिंगापुर और नीदरलैंड जैसे देश स्थायी प्रतिष्ठान के लिए अवधि, गतिविधि के प्रकार और नियंत्रण की सीमा आदि को ध्यान में रखते हैं ताकि किसी प्रकार का मनमाना निर्णय नहीं लिया जा सके।

भारत की मौजूदा अस्पष्टता बेहतरीन वैश्विक व्यवहारों से अलग है। इससे अनुपालन को लेकर अनिश्चितता बढ़ जाती है। इस बारे में नीति आयोग का वह प्रस्ताव रचनात्मक साबित हो सकता है जिसमें उसने विदेशी संस्थाओं के लिए एक वैकल्पिक अनुमानित कराधान योजना की बात कही है।

इस प्रस्तावित योजना के अंतर्गत, विदेशी कंपनियां भारत से प्राप्त सकल राजस्व के लिए एक पूर्व निर्धारित क्षेत्र विशिष्ट प्रतिशत पर कर चुकाने का विकल्प चुन सकती हैं। ऐसा करने वाली कंपनियों को सुरक्षित क्षेत्र का लाभ मिलेगा क्योंकि कर प्राधिकार उस गतिविधि के लिए स्थायी प्रतिष्ठान की अलग से जांच नहीं करेगा जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर विस्तृत लेखा बनाए रहने से राहत मिलेगी।

यदि कोई कंपनी मानती है कि उसके वास्तविक लाभ अनुमानित राशि से कम हैं तो वह नियमित कर व्यवस्था के तहत रिटर्न दाखिल कर सकती है। इस प्रकार यह योजना निवेशकों को कर देनदारी संबंधी स्पष्टता प्रदान करती है और राजस्व का पूर्वानुमान लगाने की क्षमता को सुरक्षित रखती है। यद्यपि इसकी कामयाबी सावधानीपूर्वक संतुलन पर निर्भर करती है। उद्योग विशेष से संबंधित कर दरें डेटा आधारित होनी चाहिए न कि मनमाने आधार पर। कर प्रशासन को इसे लगातार लागू करने के लिए संस्थागत क्षमता भी विकसित करनी होगी।

# दिल्ली में चांदी 1.71 लाख रुपये प्रति किलोग्राम

## सोने की कीमतें अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे




**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में सुरक्षित निवेश के लिए लगातार आवक और आपूर्ति संबंधी गंभीर बाधाओं के कारण शुक्रवार को दिल्ली में चांदी की कीमतों में बड़ा इजाफा दिखा। चांदी में हाल के दिनों में एक दिन की सबसे बड़ी तेजी दिखी और यह 8,500 रुपये की तेजी के साथ 1,71,500 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, गुरुवार को सफेद धातु 1,63,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

पिछले तीन लगातार सत्रों में चांदी की कीमतों में 17,500 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हुई है। इस बीच, सोने की कीमतें अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे आ गईं। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु की कीमत 600-600 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 1,26,000 रुपये और 1,25,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। गुरुवार को दोनों श्रेणियों की कीमती धातुएं 1,26,600 रुपये और 1,26,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुई थीं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार के अनुसार निवेशकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दिए जाने के कारण और केंद्रीय बैंकों की ओर से खरीद के कारण बुलियन की कीमतों में तेजी है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के विश्लेषक (मूल्यवान धातु अनुसंधान) मानव मोदी ने कहा, चांदी में भारी तेजी दर्ज की गई है। यह बढ़ती मांग के बावजूद आपूर्ति में भारी कमी का संकेत है।

वैश्विक स्तर पर सोना हाजिर 16.61 डॉलर यानी 0.42 प्रतिशत बढ़कर 3,992.80 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी हाजिर 1.52 प्रतिशत बढ़कर 50.01 डॉलर प्रति औंस हो गई। गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहली बार सफेद धातु 51 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार कर गई थी। विश्लेषकों ने कहा कि बुधवार को जारी फेड की सितंबर बैठक के विवरण से नरम रुख के संकेत मिले हैं।

फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) के सितम्बर माह के से पता चला कि श्रम बाजार के कमजोर होने के संकेतों के बीच इस वर्ष दो अतिरिक्त ब्याज दरों में कटौती के लिए आम सहमति बन रही है। इस बीच, अमेरिका स्थित सिल्वर इंस्टीट्यूट ने हाल ही में अनुमान लगाया है कि 2025 में धातु की आपूर्ति में लगातार पांचवीं वार्षिक कमी होगी, जो बाजार में गहरी संरचनात्मक तंगी को दशार्ता है।

# नेहरू युवा केंद्र के तीन क्रिकेट खिलाड़ियों का प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंबेडकर रोड स्थित जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र के तीन क्रिकेट खिलाड़ियों का प्रस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। यह चयन एसजीएफआई उत्तर प्रदेश की ओर से प्रदेश स्तरीय अंदर 17 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए किया गया। इनमें अंकित वर्मा जो विकेटकीपर बल्लेबाज है, तेज गेंदबाज दिव्यांश गुप्ता और अनुभव दहिया का चयन किया गया। यह प्रतियोगिता 13 अक्टूबर से गोरखपुर में आयोजित की जाएगी, वहां से अंडर 17 उत्तर प्रदेश स्कूल बॉयज टीम का चयन किया जाएगा। यह चयन मेरठ में आयोजित मंडल स्तरीय ट्रायल में किया गया।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ - और अब बेटियों को आत्मरक्षा भी सिखाओ

## निःशुल्क मार्शल आर्ट ट्रेनिंग कैंप का आयोजन




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** महिलाओं और किशोरियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से, एक्टिव ग्रीन (नींव) संस्था और किक बॉक्सिंग एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आज केडीपी ग्रैंड सवाना सोसाइटी में निःशुल्क मार्शल आर्ट ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं और किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आत्मरक्षा के गुर सीखे। यह विशेष कक्षा ज्योति बंसल जी की एकेडमी के सहयोग से आयोजित की गई। एक्टिव ग्रीन संस्था की अध्यक्ष निधि विश्वकर्मा ने बताया कि संस्था का नींव प्रकल्प पिछले कई वर्षों से बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु कार्यरत है। अब इस पहल के अंतर्गत नियमित रूप से महिलाओं को निःशुल्क मार्शल आर्ट प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा, आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है कि हर महिला और बच्ची इतनी सक्षम हो कि अपनी सुरक्षा स्वयं कर सके। यह एक मुहिम है जो निरंतर जारी रहेगी।

किक बॉक्सिंग एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के महासचिव और ब्लैक बेल्ट मुंबई इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट विक्की पांचाल ने कहा आत्मरक्षा सिर्फ एक कला नहीं, बल्कि आत्मविश्वास की ढाल है। हमारा उद्देश्य है कि हर नारी इतनी सशक्त हो कि वह निर्भीक होकर अपने हर कार्य को स्वतंत्र रूप से कर सके।

इस कार्यक्रम में निधि विश्वकर्मा, विक्की पांचाल, ज्योति बंसल, रश्मि, भव्या, सिल्की, और एकाक्ष सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## राशिफल

**मेष:** आर्थिक परेशानी आ सकती है। फालतू खर्च होगा। समय पर व्यवस्था नहीं होगी। आशा–निराशा के भाव रहेंगे।

**वृष:** यात्रा लाभप्रद रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यापार–व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**मिथुन:** भूले–बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। कोई बड़ा कार्य व लंबे प्रवास का मन बनेगा।

**कर्क:** मेहनत का फल पूरा–पूरा मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। मित्रों व संबंधियों की सहायता कर पाएंगे।

**सिंह:** नए संबंध बनाने के पहले विचार कर लें। नौकरी में समस्याएं आ सकती हैं। कार्यभार रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**कन्या:** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शैक्षणिक व शोध कार्य मनोनुकूल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त हो सकता है।

**तुला:** भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल होगी। स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं। प्रसन्नता व संतुष्टि रहेंगे।

**वृश्चिक:** पति–पत्नी में संबंध मधुर होंगे। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। रुके कार्यों में गति आएगी।

**धनु:** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। यात्रा यथासंभव टालें।

**मकर:** किसी तीर्थस्थान के दर्शन हो सकते हैं। अध्यात्म में रुचि रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी।

**कुंभ:** कार्यस्-?थल पर सुधार व परिवर्तन हो सकता है। योजना फलीभूत होगी किंतु तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। मित्रों व संबंधियों की सहायता कर पाएंगे।

**मीन:** यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार–व्यवसाय लाभदायक रहेंगे।

## चुटकुले

सोचा था, 2 पेग मार के 10 बजे तक घर
पहुँच जाऊंगा
ये पेग और टाइम कब आपस में
बदल गए.. पता ही नहीं चला!

---

मालिक ने नौकर से कहा– मच्छर मार दो
नौकर आलस में था
थोड़ी देर बाद भी मच्छर गुनगुना रहे थे
मालिक ने फिर नौकर से कहा– मच्छर मारे नहीं क्या?
नौकर ने मालिक से कहा– मच्छर तो मार दिये
ये तो उनकी विधवा पत्नियों के रोने की आवाज है!

---

एक शराबी शराब पीके एक अर्थी
से टकरा गया बॉडी गिर गई
लोग शराबी को पीटने लगे..
शराबी :– अबे जो गिरा वो कुछ तो बोल नहीं रहा तुम
काहे नेता बन रहे हो!

# शालीमार गार्डन सी ब्लॉक की पानी की जर्जर टंकी नगर निगम ने की ध्वस्त



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन के निवासियों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है, जहां वर्षों से जर्जर पड़ी पानी की टंकी को आखिरकार नगर निगम ने ध्वस्त कर दिया है। यह टंकी न केवल खतरनाक थी, बल्कि इसके गिरने का खतरा भी बना हुआ था, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय निवासियों ने कई बार इसकी शिकायत की थी और धरना-प्रदर्शन भी किया था। लोगों का कहना था कि टंकी के गिरने से जान-माल का खतरा हो सकता है, इसलिए इसे जल्द से जल्द हटाया जाना चाहिए। नगर निगम की इस कार्रवाई से अब लोगों को राहत मिली है और क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति में सुधार हुआ है। लोगों ने नगर निगम की इस पहल का स्वागत किया है और आभार व्यक्त किया है। इस घटना से यह भी सीखने को मिलता है कि जनहित के मुद्दों पर आवाज उठाना और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना कितना महत्वपूर्ण है। शालीमार गार्डन के निवासियों की एकजुटता और प्रयासों से ही यह संभव हो पाया है। भाजपा नेता पवन रेड्डी ने बताया कि सी ब्लॉक डबल टंकी जो बहुत झज्जर हालत हो गई थी उसके नीचे सरकारी स्कूल है कभी भी कोई घटना घट सकती थी, इसके लिए हम लोगों ने कई सालों से संघर्ष किया नगर निगम में आज नगर निगम में इसको गिरा दिया इससे अब लोगों को राहत मिली।

# भारतीय बाजार में लौट रहा विदेशी निवेशकों का भरोसा

नई दिल्ली। पिछले हफ्तों की लगातार बिकवाली के बाद विदेशी निवेशक इस भारतीय बाजारों में शुद्ध खरीदार बन गए हैं। उन्होंने 6 अक्तूबर से 10 अक्तूबर के बीच 1,751 करोड़ रुपये का निवेश किया। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) ने यह जानकारी दी।

## रोचक तथ्यों का करंट



- अंतरिक्ष स्टेशन में सोना काफी चुनौती भरा होता है। अंतरिक्ष यात्री को सोने के लिए काफी मेहनत करनी होती है। उन्हें आंखों पर पट्टी बांध कर एक बंकर में सोना होता है ताकि वह तैरने और इधर–उधर टकराने से बच सके।
- 20 जुलाई, 1969 को अमेरिका के अपोलो 11 मिशन के जरिए चांद पर पहली बार इंसान के कदम पड़े थे। नील आर्मस्ट्रांग ने चांद पर कदम रखते हुए कहा एक छोटा–सा कदम, लेकिन मानवता के लिए एक लंबी छलांग।
- सर आइजैक न्यूटन के सेब के पेड़ का एक नमूना 'गुरुत्वाकर्षण अवहेलना करना' के लिए अंतरिक्ष में भेजा गया था।
- साल 1 9 77 में, हमें 72 सेकंड तक गहरे अंतरिक्ष से एक संकेत मिला। हम अभी भी नहीं जानते हैं कि यह कैसे और कहाँ से आया था।
- पृथ्वी से आसमान नीला दिखाई देता है, लेकिन अंतरिक्ष यात्रियों को यह काला दिखाई देता हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्री लगभग 15 सूर्योदय और 15 सूर्यास्त को हर रोज देखते हैं।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# सुहागिनों ने मनाया करवा चौथ का पर्व

## रहे सलामत मेरा साजन और सजना का आंगन...
























# गाजियाबाद जीडीए के भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता का फूटा गुस्सा, पार्षदों ने सुनी लोगों की समस्याएं



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शनिवार को पार्षदों लोगों की बात सुनो और बैठक की बैठक में पार्षद यशपाल पहलवान पार्षद राहुल शर्मा पार्षद हिमांशु शर्मा मौजूद रहे।

लोगों का कहना है कि जीडीए के अधिकारी गुमनाम या संगठित शिकायतों के नाम पर लोगों को डराते हैं और फिर 'समझौते' के नाम पर अवैध वसूली करते हैं। कई मामलों में तो बिना किसी ठोस कानूनी प्रक्रिया के ही कार्रवाई की धमकी दी जाती है।

जीडीए के अधिकारी अब निजी वकीलों की सेवा लेने लगे हैं ताकि पीड़ितों पर कानूनी दबाव बनाया जा सके। इससे स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि प्रशासनिक शक्ति का दुरुपयोग हो रहा है। इन घटनाओं से त्रस्त होकर अब जनता ने विरोध का बिगुल फूंक दिया है। विभिन्न कॉलोनियों, अपार्टमेंट्स और आवासीय सोसाइटियों के नागरिकों ने अपने स्थानीय पार्षदों से मुलाकात कर उन्हें पूरे मामले से अवगत कराया।

स्थानीय पार्षदों ने जनता की बात गंभीरता से सुनी और आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को जिले के बड़े जनप्रतिनिधियों तक पहुँचाएंगे। कई पार्षदों ने कहा कि वे इस भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे और जनता के साथ अन्याय नहीं होने देंगे।

जीडीए के अधिकारियों के खिलाफ यह जन आक्रोश एक नई चेतावनी बनकर उभरा है। अगर समय रहते शासन-प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया, तो आने वाले दिनों में यह आंदोलन एक बड़े जनांदोलन का रूप ले सकता है।

पार्षद यशपाल पहलवान ने बताया कि राजेंद्र नगर में एक बिल्डर के बिल्डिंग तोड़ने के लिए जीडीए कुछ कर्मचारी बुलडोजर लेकर पहुँचे थे। जब भी कुछ लोगों ने मुझे जानकारी दिया अपने मौके पर पहुंचा उन्होंने कहा सब कुछ ठीक होने के बाद भी वीडियो के कर्मचारी लोगों को परेशान कर रहे हैं इस बात को लेकर शनिवार को पार्षद उन्होंने लेकर बैठक की और लोगों के साथ संवाद दिया उन्होंने कहा कि कोई भी भाजपा की सरकार में लोगों को परेशान नहीं कर सकता इसके विरोध जो भी अधिकारी बिना वजह लोगों को परेशान करेगा उसे पर कठोर कार्रवाई करने का काम करेंगे।

# छठ पूजा को लेकर पुरबिया जन कल्याण परिषद ने की एसडीएम के साथ बैठक



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में महापर्व छठ पूजा अभियान के लिए पुरबिया जन कल्याण परिषद के सदस्यों ने साथ एसडीएम अरुण कुमार दीक्षित की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में छठ पर्व को सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से मनाने के लिए चर्चा की गई।

बैठक में मांग की गई कि हरिद्वार से गंगा जल 23 अक्टूबर तक हिंडन नदी में पहुंच जाना चाहिए। इसके अलावा, हिंडन नदी, खोड़ा छठ घाट, छोटा हरिद्वार घाट मुरादनगर और लोनी यमुना के किनारे घाटों पर लाखों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षित व्यवस्था करने की मांग की गई।

घाटों की सफाई और मरम्मत : एसडीएम अरुण कुमार दीक्षित ने आश्वासन दिया कि 81 घाटों पर निर्माण, मरम्मत, रंगाई, पुताई और सफाई का कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि डबल टंकी छठ घाट को भी जल्द ठीक कर दिया जाएगा।

एसडीएम अरुण कुमार दीक्षित ने कहा कि वे सभी घाटों का निरीक्षण करेंगे और सभी अधिकारियों के साथ समीक्षा करेंगे ताकि छठ पर्व को सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से मनाया जा सके। वही मुरादनगर और लोनी यमुना के किनारे घाटों पर लाखों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षित व्यवस्था करने की मांग की गई।

इस अवसर पर रीता सिंह, पंडित राकेश तिवारी, राजा राम मौर्या, विनोद अकेला कर्नल गोपाल सिंह, नरसिंह तिवारी, उज्वला राय, राधिका पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने वार्ड 41 में लगवाई स्ट्रीट लाइटें



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** झंडापुर के वार्ड 41 में दीवाली से पहले पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने 40 लाइटें लगवाकर क्षेत्र को रोशन करने का कार्य किया है। इस पहल से क्षेत्र के निवासियों को काफी लाभ होगा और दीवाली के त्योहार पर क्षेत्र का माहौल और भी सुंदर हो जाएगा।

स्थानीय निवासियों ने पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय को उनके इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया है। लोगों का कहना है कि पार्षद की इस पहल से क्षेत्र में सुरक्षा और रोशनी की समस्या का समाधान होगा। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि दीवाली के त्योहार पर क्षेत्र को रोशन करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे हमेशा प्रयासरत रहेंगे और लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे।

# राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट में 'उत्सव ए-दीवाली 2025' का भव्य आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में शनिवार को मन्थन : उत्सव-ए-दीवाली 2025 का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता और टैलेंट राउंड में अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मंच पर दी गई मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया।

यह आयोजन मन्थनः द फोर्टे क्लब के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसका संचालन अक्षित गुप्ता, जितेष, शुभांगम, वैभव, आर्य, रिया, अंशिका, अवन्या, पूजा, कशिष, सगुन, अनुराग और आर्यन आदि छात्रों ने किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी फैकल्टी मेंबर्स ने छात्रों का भरपूर उत्साहवर्धन किया।

अंत में संस्थान के निदेशक डॉ. राकेश गोयल ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया तथा सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर संस्थान की डीन प्रो. मनोरमा शर्मा, डॉ. आभा वत्स, डॉ. राशी सक्सेना सहित सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# आयुष महाविद्यालय को मंजूरी मिलने पर आरएलडी ने बुलाई 'धन्यवाद सभा'



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर, बागपत लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान की पहल पर गाँव सैदपुर हुसैनपुर डीलना, मोदीनगर में आयुष महाविद्यालय के निर्माण को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मंजूरी मिलने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इसी उपलक्ष्य में, गाँव व क्षेत्र की ओर से राष्ट्रीय लोकदल द्वारा शनिवार को एक विशाल धन्यवाद सभा एवं राष्ट्रीय लोकदल सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोकदल के गाजियाबाद जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी ने की। इस अवसर पर, सदस्यता अभियान के मुख्य अतिथि बागपत-मोदीनगर के सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान रहे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय की स्थापना से न केवल शिक्षा का स्तर सुधरेगा, बल्कि युवाओं के लिए नए अवसर भी खुलेंगे। धन्यवाद सभा के आयोजक राष्ट्रीय लोकदल के गाजियाबाद जिला उपाध्यक्ष मनोज राठी थे।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश सहकारिता के प्रदेश अध्यक्ष (चेयरमैन) अमरजीत सिंह बिड्डी, मंडल अध्यक्ष इंद्रवीर भाटी, क्षेत्रीय महासचिव मनवीर भाटी, डॉ. पूनम गर्ग, योगेंद्र सिंह पतला, रेखा चौधरी, जयदीप सिंह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में विनोद चौधरी, अजित खंजरपुर, तेजबीर डबाना, विनोद गौतम, सतेंद्र तोमर, परमेन्द्र आर्य, नरेन्द्र जाटव, चन्दवीर चौधरी, कृष्ण चैंपियन, जयवीर नेहरा, अलोक चौधरी, डॉ इलम सिंह, मनीष किलोहड़ा, विराट सांगवान, सचिन प्रथमगढ, अरुण तेवतिया, कपिल चौधरी और डागर शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन अरुण भुल्लन ने बेहतरीन तरीके से किया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की।

## अभिनंदन





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ऑल इंडिया स्माल स्केल आइसक्रीम मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन द्वारा दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में जीएसटी दर 18% से घटकर 5% करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग तथा दिल्ली के सांसद प्रवीण खंडेलवाल मौजूद थे। इस कार्यक्रम में जीएसटी दर कम करने पर संगठन के जिला अध्यक्ष मोहित मित्तल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के सचिव कपिल त्यागी, संस्था के मंत्री रंजीत, तथा अन्य पदाधिकारी भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। यह कार्यक्रम दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित किया गया।

# लायंस क्लब के शिल्प ग्राम मेला में एमएसएमई के गाजियाबाद हैंडलूम क्लस्टर के स्टाल का शुभारंभ




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने शुक्रवार को के गाजियाबाद हैंडलूम क्लस्टर के खुशी कलेक्शन का उद्घाटन किया। यह क्लस्टर डॉ उदिता त्यागी के द्वारा एमएसएमई के सहयोग से इकला ग्राम में स्थित सीएफसी है जिसमे 973 महिलायें और युवा नामित हैं। किया गया है। इस स्टाल पर क्लस्टर का पहला कलेक्शन खुशी का आज लांच हुआ। यह स्टाल शिल्प ग्राम मेला रामलीला मैदान सेक्टर -5 राजनगर में 10 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक रोजाना दो बजे से दस बजे रात्रि तक रहेगा।




## अभी सुनाई देंगे पटाखों के कई किस्से

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में दीपावली के पर्व को लेकर पुलिस लगातार अलर्ट मोड पर बनी हुई और उसी का नतीजा है कि एक के बाद एक अलग-अलग जोन में पटाखों पर बड़ी कार्रवाई हो रही है। जिस तरीके से देहात वाले जोन के गोदाम पर पुलिस अधिकारियों ने एक्शन लिया है, उससे पता चल रहा है कि पुलिस अलर्ट है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में यह चर्चा भी सुनाई दे रही है कि अभी पटाखों के कई किस्से और कहानी सुनाई देंगे। बता दें कि पिछली दफा पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में एक चौकी पर तैनात टू-स्टार से लेकर कई लोग पटाखे के हिस्से में शामिल पाए गए थे। पूरी रिकॉर्डिंग अधिकारियों की टेबल पर पहुंची थी, तो गुपचुप तरीके से सस्पेंशन वाला फरमान सुनाया गया था। तो वहीं देहात जोन में एक एसीपी साहब पर भी गंभीर आरोप लगे थे। इन सबके बीच सुनने में आ रहा है कि बीते दिनों सिटी वाले इलाके में एक बदमाश द्वारा लाइन पार के इलाके में पटाखे को लेकर भी कुछ सुनाई दे रहा है। तो यह भी बताया जा रहा है कि जिस तरीके से क्राइम कंट्रोल करने वाली टीम ने पटाखे वाले गोदाम पर छापा मारा था, उसएक अधिकारी नाराज हो गए थे। मामला कई दिनों तक हॉट टॉपिक रहा था। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि लगातार पटाखे तो हर क्षेत्र में बिक रहे हैं। बस अभी एक्शन वाला मोड नहीं हो रहा है। हालांकि जिस तरीके से अभी ग्रीन पटाखे के नाम पर हर मोहल्ले और गली में दुकान चल रही हैं। उसपर भी आने वाले दिनों में कौन अधिकारी अपने क्षेत्र में एक्शन लेता है, यह देखा जाना भी महत्वपूर्ण रहेगा। कुल मिलाकर अगर पटाखे को लेकर इतनी सख्ती, रोक है ,तो फिर दीपावली की रात लाइन वाले इलाके से लेकर प्रमुख बंगलो वाले मार्ग पर इतने पटाखे कहां से आते हैं। कौन उनको जलाता है, इसपर भी एक्शन होना चाहिए। बीते कई सालों का रिकॉर्ड बताता है कि लंबे समय से पटाखे फोड़ना और विस्फोटक सामग्री इस्तेमाल करने वालों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। शहर में कोई भी शादी समारोह, नेताजी की रैली और पार्टी का कार्यक्रम हो तो आतिशबाजी का खुला इस्तेमाल होता है। जब रोक है तो पटाखे किस मार्ग, किस यंत्र और किस तंत्र के द्वारा पहुंचाए जा रहे हैं। उधर सूत्र बता रहे हैं कि पटाखे वाले मामले में आरोपियों की फोटो सोशल मीडिया पर ना आना भी चर्चा का विषय बना हुआ है। कुल मिलाकर भले कुछ आधिकारिक पटाखे वाली कार्रवाई से अपने अलर्टनेस का संदेश दे रहे हो, पर सवाल उठ रहा है कि इतनी बड़ी अधिकारियों की फौज के बावजूद बॉर्डर, देहात के इलाकों से कमिश्नरेट वाले सिस्टम में पटाखे की एंट्री हो रही है। कुल मिलाकर देखना होगा कि पटाखे वाला बारूद से अभी कहां-कहां कालिख फैलेगी।



# पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने की मेयर सुनीता दयाल से मुलाकात



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने मेयर सुनीता दयाल से मुलाकात की और वार्ड 97 के विकास पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने वार्ड में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी ली और आगे के कार्यों पर चर्चा की।

दिवाली से पहले वार्ड को मिली 40 स्ट्रीट लाइटें, पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने बताया कि वार्ड 97 में दिवाली से पहले 40 स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं। इससे क्षेत्र में रोशनी की व्यवस्था होगी और लोगों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने मेयर सुनीता दयाल को बताया कि वार्ड में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं और आगे भी विकास कार्यों को गति दी जाएगी।

विकास कार्यों पर हुई चर्चा : मेयर सुनीता दयाल ने पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल को आश्वस्त किया कि वार्ड 97 के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वार्ड में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों के रवैये पर जताई चिंता, पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता की जरूरत बताई






**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने शनिवार को कहा कि लोगों में यह धारणा गहराई से बैठ गई है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां मदद करने की बजाय उत्पीड़न के लिए हैं। इसी भय के कारण लोग उनके पास नहीं जाते, और साइबर अपराधी इसी स्थिति का फायदा उठाकर लोगों को डिजिटल रूप से परेशान करते हैं। उन्होंने कहा कि न्याय पाने की जगह, कई लोग डर के कारण अपराधियों को पैसे दे देते हैं। अब समय आ गया है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां अधिक सहज और जनसुलभ बनें तथा लोगों में जागरूकता बढ़े। यह दोतरफा प्रक्रिया ही इस समस्या का समाधान दे सकती है। जस्टिस संजीव खन्ना तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम द्वारा भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित 'टीपीएफ-दायित्व : नेशनल लीगल कॉन्फ्रेंस ऑन कॉम्बैटिंग व्हाइट कॉलर क्राइम' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने व्हाइट कॉलर क्राइम (सफेदपोश अपराध) को समाज की नैतिक संरचना को खोखला करने वाला विकसित होता खतरा बताया और वित्तीय कानूनों को लागू करते समय अधिक संवेदनशीलता की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि हर वह काम या चूक, जिसका वित्तीय असर पड़ता है, उसे एक ही नजर से नहीं देखा जा सकता। कानून निमार्ताओं को यह फर्क समझना होगा कि कौन-सा कार्य जानबूझकर किया गया धोखा है, कौन सी अनजाने में हुई गलती है, और कौन सी प्रक्रियात्मक चूक। इस मौके पर डॉ. पूनम खेत्रपाल, सेवानिवृत्त आईएएस, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन, दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र की क्षेत्रीय निदेशक (एमेरिटस) हैं, ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में व्हाइट कॉलर क्राइम केवल धन से जुड़ा नहीं है, यह जीवन और विश्वास से जुड़ा है। उन्होंने कहा, जब जानबूझकर निम्न गुणवत्ता की देखभाल दी जाती है, जब गरीबों को अधिकार होने के बावजूद इलाज से वंचित किया जाता है। और जब अधिक लाभ के लिए सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जाती है, तो यह लापरवाही नहीं, बल्कि व्हाइट कॉलर क्राइम है। कॉन्फ्रेंस में आर्थिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हुए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आशीष कुमार चौहान ने कहा कि जैसे-जैसे समाज समृद्ध होता है, अपराध और अधिक 'सफेदपोश' होते जाते हैं। उन्होंने एक वरिष्ठ न्यायाधीश का हवाला देते हुए बताया कि बीते दो दशकों में हिंसक और आर्थिक अपराधों का अनुपात पूरी तरह उलट गया है। पहले जहां 80 प्रतिशत अपराध शारीरिक थे, अब 80 प्रतिशत वित्तीय या साइबर अपराध हैं। टीपीएफ के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार नाहटा ने कहा, कि व्हाइट कॉलर क्राइम पीड़ितविहीन अपराध नहीं है। हर घोटाला हमारे अवसर छीन लेता है, हर धोखाधड़ी हमारे विकास को धीमा करती है। इस कॉन्फ्रेंस में कानून, वित्त, चिकित्सा और अकादमिक क्षेत्रों से एक हजार से अधिक पेशेवर शामिल हुए। कॉन्फ्रेंस के विभिन्न सत्रों में एथिक्स, कंप्लायंस, गवर्नेंस और वित्तीय अपराधों के बदलते कानूनी ढांचे पर चर्चा हुई, जो भारत के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

## पूर्व पार्षद के कार्यालय में चोरी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शनिवार को सुबह लगभग 4 बजे के करीब पूर्व पार्षद गोपाल करगेती के ऑफिस देवभूमि प्रॉपर्टीज बी-155, बृज विहार में चोरी की वारदात हुई। चोरों ने ताले तोड़कर कार्यालय से 10,000 रुपये नकदी और कुछ प्रॉपर्टीज के महत्वपूर्ण कागज चोरी कर लिए। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही इस मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है। पूर्व पार्षद गोपाल करगेती मैं बताया कि सुबह जानकारी मिलेगी ऑफिस में चोरी हो गई जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई है, पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही कर रही है उन्होंने बताया 10000 के करीब रुपए ऑफिस में रखे थे, ओर कुछ कीमती कागज भी नहीं मिल रहे हैं।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। यह सात फेरों का बंधन है और कहा जाता है कि यह सबसे मजबूत रिश्ते का बंधन है। परंपरा सौभाग्य और समर्पण के प्रतीक पर्व की खुशी को संदीप कुमार ने फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# सुहागिनों ने मनाया करवा चौथ का पर्व

## रहे सलामत मेरा साजन और सजना का आंगन...





अनूप सिंह और मानवी सिंह



अंकित त्यागी और साक्षी त्यागी



डब्बी प्रमुख और पूजा प्रमुख
















बाबूराम और रेनू









आकर्ष और वैशाली



अजयवीर सिंह और सीमा सिंह



अंशु और मयंक चौहान











# सांसद खेल महोत्सव में दिव्यांग खिलाड़ियों ने किया अपनी खेल प्रतिभा का प्रर्दशन

















गाजियाबाद करंट क्राइम। सांसद खेल महोत्सव प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित कई गणमान्य लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे। खेल प्रतियोगिता में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। सभी ने खेल महोत्सव में दिव्यांग खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

## सिविल डिफेंस गाज़ियाबाद द्वारा हाइटेक इंस्टीट्यूट में साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** 11 अक्टूबर 2025 को हाइटेक इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग, एनएच-09 में सिविल डिफेंस गाज़ियाबाद द्वारा स्टूडेंट्स और वॉलंटियर्स के लिए साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन चीफ वार्डन ललित जायसवाल, हाइटेक इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष आनंद प्रकाश गोयल और सहायक नागरिक सुरक्षा अधिकारी गुलाम नबी ने सामूहिक दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर संस्थान के निर्देशक पंकज मिश्रा, विशाल कौशिक और सुनील सहगल भी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में आईटी और साइबर स्पेशलिस्ट तुषार शर्मा ने साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल सुरक्षा से जुड़ी अहम जानकारी साझा की। स्टूडेंट्स और वॉलंटियर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और साइबर सुरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा की।

कार्यक्रम में कुल 366 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें सिविल डिफेंस के अधिकारी, वार्डन और छात्र शामिल रहे। उपस्थित प्रमुख अधिकारियों में असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर गुलाम नबी, स्टाफ ऑफिसर टू चीफ वार्डन (फायर) राजेंद्र कुमार शर्मा, डिवीजनल वार्डन दीपक अग्रवाल, सुधीर कुमार, डिप्टी डिवीजनल वार्डन संजय गोयल, राजकुमार तोमर, स्टाफ ऑफिसर अमित कुमार श्रीवास्तव, नवनीत चौधरी, रमन सक्सेना, सुनील कुमार गोयल, घटना नियंत्रण अधिकारी संजय शर्मा, उमेश बाबू गुप्ता, दिव्यांशु सिंघल और पोस्ट वार्डन आरक्षित अनिल सांवरिया शामिल रहे।

## इंदिरापुरम क्षेत्र का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण सफाई व्यवस्था और निर्माण कार्यों का लिया जायजा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शनिवार को निगम के सभी विभागीय अधिकारियों के साथ इंदिरापुरम क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, नाला निर्माण एवं विकास कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पार्षद संजय सिंह (वार्ड 100) और पार्षद धीरज अग्रवाल (वार्ड 81) भी उपस्थित रहे। मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी ने मौके पर नगर आयुक्त को कैलाश मानसरोवर रोड, सीआईएसएफ रोड, नीति खंड-1 के दो मार्ग, विधायक कॉलोनी अहिंसा खंड सहित अन्य

- गुणवत्ता और समय सीमा दोनों का ध्यान रखें निर्माण विभाग -नगर आयुक्त
- निरीक्षण में नगर निगम व जीडीए के अधिकारी भी रहे उपस्थित

क्षेत्रों में चल रहे नाला निर्माण कार्यों की जानकारी दी।

नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों को गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने और समय सीमा में कार्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने इंदिरापुरम क्षेत्र के निवासियों से भी विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की।

### इंदिरापुरम में अधिकारी देंगे पूरा ध्यान

करंट क्राइम :अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को नगर आयुक्त ने क्षेत्रीय कार्यों की मॉनिटरिंग और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गाजियाबाद नगर निगम व गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) दोनों के अधिकारी मौजूद रहे। उपस्थित अधिकारियों में डॉ. मिथिलेश (नगर स्वास्थ्य अधिकारी), डॉ. अनुज (प्रभारी उद्यान विभाग), महाप्रबंधक जल कार्य कामाख्या प्रसाद आनंद, प्रभारी प्रकाश आश कुमार, और जीडीए के मुख्य अभियंता निर्माण आलोक रंजन शामिल रहे। नगर आयुक्त ने कहा कि इंदिरापुरम क्षेत्र में विकास, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। निगम स्वास्थ्य, निर्माण और उद्यान विभाग के माध्यम से तेजी से कार्य कर रहा है, जिसमें क्षेत्रीय पार्षदों का भी विशेष योगदान सराहनीय है।

## सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की घटना के विरोध में आम आदमी पार्टी ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

### राष्ट्रपति के नाम दिए गए ज्ञापन में दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद संजय सिंह के प्रदेश व्यापी आवाहन पर पार्टी के कार्यकताओं ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की घटना का विरोध किया है। जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम भेजा गया जिसमें इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई । जिलाध्यक्ष निमित यादव ने कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने के शर्मनाक और निंदनीय प्रयास की भर्त्सना करते है। इस अवसर पर जतिन शर्मा, अधिवक्ता मनोज त्यागी,एस पी सिसोदिया,रवि सिसोदिया,गौरव शर्मा,शाहिद रजा, डॉ आदित्य सिंह,अधिवक्ता इरफान अहमद, वसी अहमद, संजय सिंह, रवि त्रिपाठी, सोडी सिंह, लोकेश प्रजापति, गुलशन भाटिया, सोनू मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## दीपावली से पहले फूड सेफ्टी टीम की बड़ी कार्रवाई पकड़ा 2.5 क्विंटल मावा और मौके पर नष्ट कराया




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दीपावली पर मिठाइयों की बढ़ती मांग को देखते हुए मिलावट पर नकेल कसने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में विभाग की टीम ने लोनी क्षेत्र में बागपत से खोया लाने वाली दो गाड़ियों पर छापा मारते हुए करीब 250 किलोग्राम मिलावटी खोया बरामद किया, जिसकी कीमत लगभग 50,000 बताई गई है। मौके पर ही खोए को नष्ट करा दिया गया। कार्रवाई के दौरान टीम ने 7 नमूने संग्रहित किए। बरामद खोया आस मोहम्मद और रिजवान (निवासी असारा, बागपत), मुस्ताक अली (निवासी बड़का, बागपत) का बताया गया है, जो गाजियाबाद और दिल्ली में खोया सप्लाई करते हैं। असिस्टेंट कमिश्नर अरविंद यादव ने बताया कि दीपावली अभियान के त ा ह त ा मिलावटखोरी पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। अब तक दूध, पनीर, घी, खोया, खाद्य तेल और मिठाइयों के कुल 58 सैंपल एकत्र कर खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने पर दोषियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## गाज़ियाबाद में वाल्मीकि जयंती पर सम्मान समारोह, समाजसेवी सिकंदर यादव हुए सम्मानित



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** विजयनगर स्थित वाल्मीकि पार्क में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी सिकंदर यादव को समाज सेवा और सामुदायिक एकता में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

सिकंदर यादव ने कहा – महर्षि वाल्मीकि जी ने समाज को समानता और मानवता का मार्ग दिखाया, हमें उनके आदर्शों को जीवन में अपनाना चाहिए।

कार्यक्रम में अध्यक्ष कृष्ण ढिकोलिया, राजेश कुमार, प्रवीण गहलोत, रवि एडवोकेट, प्रदीप चौहान, अमी चंद, संजय टांक, ओमप्रकाश पार्षद और गोपाल शिशोदिया पार्षद सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## दीपावली से पहले फायर सर्विस गाजियाबाद ने विभिन्न स्थानों पर की मॉक ड्रिल लोगों को दी अग्नि सुरक्षा की जानकारी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आगामी दीपावली पर्व के मद्देनजर जन जागरूकता अभियान के तहत फायर सर्विस गाजियाबाद द्वारा शनिवार को शहर के विभिन्न स्थलों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

सीएफओ राहुल पाल ने बताया है कि इस क्रम में हाइटेक इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग कॉलेज डासना, गुलमोहर ग्रीन सोसाइटी, सेवियर पार्क सोसाइटी मोहन नगर, भारत सिटी सोसाइटी फरुखनगर, आर.एम.एस सिग्नेचर रेजिडेंसी ट्रोनिका सिटी, इरोज मॉल इंदिरापुरम, डी-मार्ट इंदिरापुरम, स्वदेशी मेला, रामलीला मैदान संजय नगर गाजियाबाद में मॉक ड्रिल की गई। मॉक ड्रिल का उद्देश्य आमजन में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आपातकालीन स्थिति में तत्परता से कार्य करने की क्षमता विकसित करना था। इस दौरान फायर सर्विस की टीम ने उपस्थित लोगों को अग्नि सुरक्षा के मूल सिद्धांतों तथा आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों की जानकारी दी।

इस दौरान दमकलकर्मियों ने आग बुझाने की तकनीकें प्रदर्शित की गई, साथ ही उपस्थित स्टाफ और नागरिकों को अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग और आपातकालीन निकासी का अभ्यास कराया गया। लोगों ने भी सक्रिय रूप से भाग लेते हुए आग बुझाने का अभ्यास किया।

# सुहागिनों ने मनाया करवा चौथ का पर्व

## रहे सलामत मेरा साजन और सजना का आंगन...



# सुहागिनों ने मनाया करवा चौथ का पर्व

## रहे सलामत मेरा साजन और सजना का आंगन...










पटेल नगर प्रथम में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया करवा चौथ का पर्व, जिसमें नमिता भल्ला, रजनी भाटिया, प्रीति कौर और पूजा ने मिलकर एक साथ पूजा की।

















# सुहागिनों ने मनाया करवा चौथ का पर्व

# रहे सलामत मेरा साजन और सजना का आंगन...


पवन शर्मा और सुनीता शर्मा


पवन कुमार





ज्योति जोशी


शैलेन्द्र सक्सैना अपने परिवार के साथ









पांचाल परिवार करवा चौथ गाजियाबाद


विपिन -सरिता परिवार के साथ


प्रियंका-विकास गुप्ता






राजू पांचाल









# सुहागिनों ने मनाया करवा चौथ का पर्व

## रहे सलामत मेरा साजन और सजना का आंगन...









































# सुहागिनों ने मनाया करवा चौथ का पर्व

## रहे सलामत मेरा साजन और सजना का आंगन...


























# सुहागिनों ने मनाया करवा चौथ का पर्व

## रहे सलामत मेरा साजन और सजना का आंगन...














